1011-1
(-38)

**174**

Printed Pages : 8

# B.Sc./B.Com. (Part - I) Examination, 2022

(Three - Year Scheme)

(10+2+3)

(Common for the Faculties of Science and Commerce)

## GENERAL HINDI

## (सामान्य हिन्दी)

Time : **3 Hours**

Maximum Marks : **100**

Minimum Pass Marks : **36**

**Note :** (1) No supplementary answer-book will be given to any candidate. Hence the candidates should write the answer precisely in the main answer book only.

किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर-पुस्तिका नहीं दी जायेगी । अतः परीक्षार्थियों को चाहिये कि वे मुख्य उत्तर-पुस्तिका में ही समस्त प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

(2) All the parts of one question should be answered at one place in the answer-book. One complete question should not be answered at different places in the answer-book.

किसी भी एक प्रश्न के अंतर्गत पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर उत्तर-पुस्तिका में अलग-अलग स्थानों पर हल करने के बजाय एक ही स्थान पर हल करें ।

1. निम्नलिखित गद्यावतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) कई आदमी पढ़े-लिखे भी थे । वे आपस में अंग्रेजी राज्य की तारीफ करते जा रहे थे । एक महाशय बोले – ऐसा न्याय तो किसी राज्य में नहीं देखा । छोटे-बड़े सब बराबर । राजा भी किसी पर अन्याय करे, तो अदालत उसकी गर्दन दबा देती है । दूसरे सज्जन ने समर्थन किया – अरे साहब, आप खुद बादशाह पर दावा कर सकते हैं । अदालत में बादशाह पर डिग्री हो जाती है । 5

**अथवा**

पानी की तस्करी ? सारा इन्तजाम हो जाए पर यदि पानी की तस्करी न रोकी जाए तो अच्छा खासा तालाब देखते ही देखते सूख जाता है । वर्षा में लबालब भरा, शरद में साफ-सुथरे नीले रंग में डूबा, शिशिर में शीतल हुआ, बसंत में झूमा और फिर ग्रीष्म में ? तपता सूरज तालाब का सारा पानी खींच लेगा । शायद तालाब के प्रसंग में ही सूरज का एक विचित्र नाम 'अंबु तस्कर' रखा गया है । तस्कर हो सूरज जैसा और आगार यानि खजाना बिना पहरे के खुला पड़ा हो तो चोरी होने में क्या देरी ?

(ख) अंग्रेजी का वाक्य सुनकर मैं डरा कि अब निराला बिल्कुल बहक जायेंगे और अंग्रेजी में न जाने क्या-क्या कहेंगे, लेकिन सौभाग्य से ऐसा हुआ नहीं । हमने अनुभव किया कि निराला जो बात कह रहे हैं वह मानो सच्चे अनुभव की ही बात है : जिस निराला के बारे में सुमन ने प्रश्न पूछा था वह सचमुच उनसे पीछे कहीं छूट गया है । 5

**अथवा**

यदि एक ब्राह्मण किसी डूबती कन्या की रक्षा के लिए – चाहे वह कन्या जिस जाति की हो, जिस किसी मनुष्य की हो, जिस किसी देश की हो – अपने आपको गंगा में फेंक दे – चाहे उसके प्राण यह काम करने में रहें चाहे जायें – तो इस कार्य में प्रेरक आचरण की मौनमयी भाषा किस देश में, किस जाति में और किस काल में, कौन नहीं समझ सकता ? प्रेम का आचरण, दया का आचरण – क्या पशु क्या मनुष्य – जगत के सभी चराचर आप ही आप समझ लेते हैं ।

बहुत दिनन की जोवता, बाट तुम्हारी राम ।

जिव तरसै तुझ मिलन कूँ मन नाहीं विश्राम ।।

आइ न सकौं, तुझ पै, सकूँ न तुझ बुलाइ ।

जियरा यौं ही लेहुगे, विरह तपाइ तपाइ ।।

अथवा

आली ! म्हाने लागे बिंद्रावन नीको

घर-घर तुलसी-ठाकुर – पूजा, दरसण गोविंद जी को

निरमळ नीर बहत जमना में, भोजन दूध-दही को

रतन – सिंघासण आप बिराजै, मुगट धर्‌यो तुलसी को

कुंजन – कुंजन फिरत राधिका, सबद सुणत मुरली को

मीरां के प्रभु गिरधर नागर, भजन बिना नर फीको ।

(ख) जो मार खा रोयी नहीं,

सजा सहज सितार,

सुनी मैंने वह नहीं जो थी सुनी झंकार

एक क्षण के बाद वह काँपी सुघर,

ढुलक माथे से गिरे सीकर,

लीन होते कर्म में फिर ज्यों कहा –

"मैं तोड़ती पत्थर !"

अथवा

मेरी पायल झनकार रही तलवारों की झनकारों में

अपनी आगमनी बजा रही मैं आप क्रुद्ध हुंकारों में

मैं अहंकार – सी कड़क ठठा हँसती विद्युत् की धारों में

बन काल – हुताशन खेल रही पगली मैं फूट पहाड़ों में,

अँगड़ाई में भूचाल, साँस में लंका के उनचास पवन ।

झन-झन-झन-झन-झन झनन – झनन ।

3. (क) 'नशा' कहानी का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए । 7½

**अथवा**

'घीसा' रेखाचित्र में वर्णित घीसा पात्र की चारित्रिक विशेषताओं को रेखांकित कीजिए ।

(ख) गुणाकर मुले कृत 'शनि सबसे सुन्दर ग्रह' निबन्ध के आधार पर शनि ग्रह की विशेषताओं को अपने शब्दों में लिखिए । 7½

**अथवा**

'मेघदूत की पुस्तक समीक्षा' निबन्ध का सारांश लिखिए ।

4. (क) सूर के वात्सल्य वर्णन की विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए । 7½

**अथवा**

'तुलसी की भक्ति भावना' पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(ख) "नौका-विहार" कविता में चित्रित गंगा की शोभा का वर्णन कीजिए । 7½

**अथवा**

'हिरोशिमा' कविता की मूल संवेदना व्यक्त कीजिए ।

5. (क) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबन्ध लिखिए : 8

(i) पर्यावरण का महत्त्व एवं बचाव

(ii) आतंकवाद : एक चुनौती

(iii) महिला सशक्तीकरण

(iv) कम्प्यूटर का हमारे जीवन में महत्त्व

(v) सोशल मीडिया : लाभ और हानि

(ख) (i) अपने क्षेत्र के विद्युत अभियन्ता को परीक्षा के दौरान विद्युत कटौती न करने हेतु पत्र लिखिए। 4

अथवा

महाविद्यालय में पुस्तकालय व्यवस्था के सुचारु संचालन हेतु प्राचार्य को पत्र लिखिए।

(ii) प्राध्यापक पद हेतु आवेदन-पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए। 4

अथवा

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर (सूचना व जनसम्पर्क विभाग) द्वारा सहायक जनसम्पर्क अधिकारी के 76 पदों की भर्ती हेतु विज्ञप्ति लिखिए।

(घ) प्रस्तुत अवतरण का शीर्षक सहित संक्षेपण लिखिए :

विज्ञान ने इधर थोड़े समय के भीतर न जाने कितने चमत्कार हमारे सामने उपस्थित किये हैं, उसकी शक्ति इतनी अमोघ है कि अब उस पर आश्चर्य भी नहीं किया जा सकता। क्या इसके लिए मृत्यु अजय होगी ? विज्ञान ने प्रयोगशाला में रत्न पैदा किये हैं। विज्ञान ने मनुष्य को आसमान में उड़ाया है, समुद्र के गर्भ में घूमने-फिरने की शक्ति दी है, परन्तु इसका परिणाम ? वह बहुत कुछ उत्साहवर्द्धक नहीं। विज्ञान की कृपा से हम नर-देहधारी कम से कम आज के दिन तो जलचर, नभचर और पशु के निकट अधिक हैं। 4

अथवा

धन के लोभ ने मानव भावों को पूर्ण रूप से अपने अधीन कर लिया है। कुलीनता और शराफत, गुण और कमाल की कसौटी सिर्फ पैसा है। जिसके पास पैसा है, वह देवता स्वरूप है, फिर चाहे उसका अन्तःकरण कितना ही काला क्यों न हो। साहित्य, संगीत और कला सभी धन की देहली पर माथा टेकने वालों में हैं। डॉक्टर और हकीम हैं कि बिना लम्बी फीस लिए बात नहीं करते। वकील और बैरिस्टर हैं कि मिनिटों को अशर्फियों से तोलते हैं। गुण और योग्यता की सफलता उसके आर्थिक मूल्य के हिसाब से मानी जा रही है। मौलवी साहब और पण्डितजी भी पैसे वालों के गुलाम हैं। अखबार पैसेवालों का ही राग अलापते हैं। इस पैसे ने आदमी के दिल-दिमाग पर इतना कब्जा जमा लिया है कि उसके राज्य पर किसी ओर से भी आक्रमण करना कठिन दिखाई देता है।

(च) निम्नलिखित में से किसी एक का पल्लवन कीजिए : 5

(i) करत–करत अभ्यास ते जड़मति होत सुजान ।

(ii) पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं

(iii) नशा नाश की जड़ है ।

(iv) पड़ोस सभ्यता की पहली पाठशाला है ।

(छ) संधि और समास में अन्तर बताइए । 5

अथवा

उपसर्ग किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए ।

(ज) निम्नलिखित में से किन्हीं 5 शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए : 5

(i) पूज्यनीय

(ii) उजज्वल

(iii) रचैता

(iv) मानविकरण

(v) अनुग्रहीत

(vi) उपलक्षय

(vii) जिजमान

(viii) आर्शीवाद

(झ) निम्नलिखित मुहावरों व लोकोक्तियों में से किन्हीं दो का अर्थ बताइए : 5

(i) आँखों का तारा होना ।

(ii) कान का कच्चा होना ।

(iii) नाच न जाने आँगन टेढ़ा ।

(iv) धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का

(ज) निम्नलिखित में से किन्हीं 5 शब्दों के पारिभाषिक रूप लिखिए : 5

(i) Fund (ii) Cost

(iii) Refund (iv) Stamp

(v) Warrant (vi) Vacancy

(vii) X-Ray (viii) Court

(झ) संज्ञा की परिभाषा बताते हुए इसके प्रकार उदाहरण सहित लिखिए । 5

अथवा

सर्वनाम एवं विशेषण में अन्तर बताइए ।